हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–74 : जौनपुर, शनिवार 12 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## डेंगू से बचाव के लिए हर जिले में बनेंगे डेडिकेटेड हॉस्पिटल– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में डेंगू व अन्य संचारी रोगों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए रोकथाम के लिए प्रयासों को और तेज करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विगत कुछ सप्ताह के बीच डेंगू व अन्य संचारी रोगों के दुष्प्रभाव में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इनकी बेहतर स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है। आशा बहनों का सहयोग लें। घर–घर स्क्रीनिंग कराएं। लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कराते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए। डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। कम से कम हर जिले में एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर क्रियाशील हो। यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता हो, जांच की सुविधा हो, उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आइसीसीसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। सभी मंत्री फील्ड में बने रहें। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेड मिले, उसकी विधिवत चिकित्सकीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्च स्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाने की अपेक्षा है। स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए। अखबारों में जागरूकता परक विज्ञापन, दीवार पेंटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के माध्यम से इस बीमारी के कारण प्रभाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए। डेंगू मरीजों के लिए हर शासकीय अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाए। हर जिले में डेंगू टेस्टिंग और प्लेटलेट्स की जांच की सुविधा होनी चाहिए। नगर विकास व पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी साफ–सफाई व फॉगिंग का कार्य नियमित कराया जाए। प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर माघमेला की



तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। हर श्रद्धालु–हर कल्पवासी अपने व्रत–संकल्प की पूर्ति अपनी आस्था अनुरूप कर सकें, इसके लिए हमें अच्छी व्यवस्था देनी होगी, उनकी जरूरतों का ध्यान रखना होगा। साधु–संतों और कल्पवासियों से संवाद बनाएं। मेला स्थल पर अस्थायी निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण कर लें। प्रयागराज माघ मेला के सुचारु आयोजन के लिए विशेष सचिव और पुलिस अधीक्षक स्तर के एक–एक अधिकारी की तैनाती तत्काल कर दी जाए, मेले की व्यवस्था के प्रति इन अधिकारियों की जवाबदेही होगी। कोविड, डेंगू व अन्य संचारी रोगों से जुड़े एहतियात को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता–सैनिटाइजेशन का कार्य हर दिन जारी रखना होगा। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएं। प्रयागराज माघ मेले सहित सभी मेलों, पर्वों व त्योहारों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। एक अक्तूबर से प्रारंभ चालू सत्र में अब तक किसानों से 2.60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत सभी क्रय केंद्र क्रियाशील रहें। धान क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। क्रय केंद्र तक आने वाले हर पात्र किसान से धान खरीद की जाए। भुगतान में कतई विलंब न हो। खाद की कहीं कमी न हो, कालाबाजारी करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। अतिवृष्टि के कारण जिन भी जिलों में किसानों की फसल का नुकसान हुआ है, उनकी क्षतिपूर्ति बिना विलंब कराई जाए। बुन्देलखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों सहित 50 जिलों के किसान प्रभावित हुए हैं, एक भी प्रभावित किसान क्षतिपूर्ति से वंचित न रहे। युवाओं को निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण का कार्य सुचारु रूप से जारी रखा जाए। हमें अगले पांच वर्षों में दो करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करना है। बिना भेदभाव हर छात्र–छात्रा को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37463 मामलें हुए निस्तारित

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन तथा सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में 12 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीशगण, मोटर दुर्घटना प्रतितोष अधिकरण, जौनपुर के पीठासीन अधिकारी, समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत तथा एवं अन्य समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 12.11.2022 की राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित 3796 एवं राजस्व न्यायालयों तथा प्रशासन के अन्य विभागों के 33667 सहित कुल 37463 मामलों का निस्तारित हुए तथा समझौता राशि कुल 131519705 रुपये की हुई। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण भूदेव सिंह गौतम, द्वारा कुल 31 मुकदमें लगाये गये जिनमें 25 वाद निस्तारित किये गये, जिस पर कुल 16826000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति याचीगण को दिलायी गयी। पारिवारिक न्यायालयो द्वारा 126 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें सायला को मु0 8120000 की समझौता राशि प्रदान करायी गयी। न्यायालय विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट द्वारा विद्युत से सम्बन्धित कुल 137 वाद निस्तारित किये गये। विभिन्न मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 2970



शमनीय फौजदारी वादों को निस्तारित किया गया जिनमें 652090 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। एन0 आई0 एक्ट के 14 मामलें तथा अन्य प्रकार के 405 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल न्यायालय द्वारा कुल 119 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें उत्तराधिकार के मामलों में मु0 6087930 रूपये का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग द्वारा भी मामलों का निस्तारण कराया गया, जिसमें राजस्व न्यायालयों फौजदारी के 3167 वादों, राजस्व के 1841 वाद, उपभोक्ता फोरम के 7 मामलों सहित अन्य प्रकार के 27400, बाट माप के 3 मामले एवं नगर पालिका द्वारा जलकर से सम्बन्धित 25 वादों, विद्युत बिल से सम्बन्धित 36 वादों सहित कुल 34805 मामलों का निस्तारण किया गया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के निस्तारण हेतु प्राप्त 01 प्रार्थना पत्र का सम्बन्धित पीठ द्वारा समाधान कराया गया। बैंक/फाइनेंस कम्पनी एवं बी0एस0एन0एल0 आदि के रिकवरी से सम्बन्धित 1187 प्री–लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा जिसमें मु0 99673384 रुपये का समझौता किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37463 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 13,15,19,705 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया।

## कोलोसियम के दूसरे दिन लखनऊ पब्लिक कॉलेज गोमती नगर और विद्याज्ञान खिताबी दौड़ में रहा सबसे आगे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस द्वारा आयोजित इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिपः कोलोसियम के दूसरे दिन , आराध्य त्रिपाठी (अण्डर–12 किड्स जैवलिन), कृष्ण मोहन राय (अण्डर–12 ब्वॉयज, किड्स जैवलिन), विश्वजीत सिंह (अण्डर–19 ब्वॉयज जैवलिन थ्रो), गीता (अण्डर–19 गर्ल्स, 3000 मीटर रेस), विनोद मौर्या (अण्डर–19 ब्वॉयज, 3000 मीटर रेस), अक्शिता यादव (अण्डर–12 गर्ल्स, 200 मीटर रेस), विवेक कुमार सरोज (अण्डर–14 ब्वॉयज, 600 मीटर रेस), शशांक चन्द्रा (अण्डर–14 ब्वॉयज, हाई जम्प), अमन पाण्डे (अण्डर–14 ब्वॉयज, जैवलिन थ्रो), प्रीतिशा राय (अण्डर–14 गर्ल्स, 600 मीटर रेस), सृष्टि गुप्ता (अण्डर–14 गर्ल्स, हाई जम्प), राधा (अण्डर–14 गर्ल्स, जैवलिन थ्रो), विनोद मौर्या (अण्डर–19 ब्वॉयज, 800 मीटर रेस), अनुपम आनन्द (अण्डर–19 ब्वॉयज, लांग जम्प) एवं शिवांश सिंह (अण्डर–19 ब्वॉयज, शॉटपुट थ्रो) प्रथम स्थान पाकर गोल्ड जीते। खिताबी दौर में लखनऊ पब्लिक कॉलेज गोमती नगर और विद्या ज्ञान सबसे आगे स दूसरे स्थान पर सेंट जोसेफ वाराणसी और तीसरे स्थान पर लखनऊ पब्लिक कॉलेज



सहारा स्टेट्स रहा। योगेश मिश्रा ( आईएएस ) ,रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में एवं आशीष मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एलपीएस डायरेक्टर हर्षित सिंह ,नेहा सिंह ,डिप्टी डायरेक्टर मीनां टांगड़ी, शिक्षक एवं छात्र –छात्राएं उपस्थित रहे। कल कोलोसियम का समापन समारोह होगा , जिसमें श्री रत्न संजय (आईपीएस ), पुलिस महानिरीक्षक– सीमांत मुख्यालय ,सशस्त्र सीमा बल , लखनऊ, मुख्य अतिथि रुप में उपस्थित होकर पुरस्कार वितरण करेंगे।

## यातायात माह के अंतर्गत निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्रेया बाल विकास एवं महिला सेवा संस्थान के द्वारा यातायात माह के उपलक्ष्य में एक रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक किया गया। जिसकी प्रभारी निरीक्षक वेणी माधव त्रिपाठी व कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। पिहानी कस्बे की सामाजिक संस्था श्रेया बाल विकास एवं महिला सेवा संस्थान द्वारा यातायात माह के अंतर्गत लोहिया धर्मशाला से एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसको प्रभारी निरीक्षक वेणी माधव त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली लोहिया धर्मशाला से तीन बंदर पार्क, मुरीदखाना, ब्लॉक रोड हुए मोहल्ला मिश्राना पर सम्पन हुई। रैली में उप निरीक्षक मोहम्मद अजीम ने यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति रैली को संबोधित करते हुए बच्चों को जेब्रा क्रोसिंग, सिग्नल आदि के बारे विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, वाहन धीमी गति से चलाएं, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें । रैली में बच्चों द्वारा तख्तियों पर लिखो जागरूकता स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा। दो पहिया वाहन पर, हैलमेट का प्रयोग करें। सर सुरक्षित, सब सुरक्षित। आदि स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। रैली में संस्था के सचिव मनोज मिश्रा द्वारा बच्चों को नवंबर माह में होने वाले यातायात माह के विषय में जानकारी दी व नियमों का पालन करने की अपील की ।रैली में सागर पांडेय, विपुल मिश्रा, रामलखन सविता, अनुराग शुक्ला, कुलदीप मिश्रा, कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनिल सिंह, विनोद त्रिपाठी, मोहित, विकास सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

## डीएम–एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें : डीएम एसपी ने सख्त लहजे में कई कर्मचारियों को लगाई फटकार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अली जायर मियां की शिकायत पर समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने कहा कि इस्लाम गंज बाजार पिहानी मामले को सिविल कोर्ट में लेकर जाएं, राजस्व कर्मचारियों को मौके पर जाने से मना किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचकर समाधान दिवस में जनशिकायतों को सुना। अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण के दिशा– निर्देश दिए। शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाने पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में करीमनगर की माला को जिलाधिकारी ने लेखपाल अमित को निर्देशित करते हुए तुरंत आधे मकान पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। खटेली ग्राम पंचायत के मोहम्मद उमर की शिकायत पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि यदि चकरोड पर ग्रामीणों ने कब्जा कर रखा है तो एफ आई आर दर्ज कराएं। रजवापुर के शिव मोहन ने भी चकरोड संबंधित शिकायत की जिस को जिलाधिकारी ने तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए ।समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक बेनी माधव त्रिपाठी, अतिरिक्त कोतवाल एमपी सिंह ,कस्बा इंचार्ज, उप निरीक्षक मोहम्मद अजीम ,उप निरीक्षक अनिल सिंह, राजेश कुमार एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्या को सुनकर






संबंधित विभाग को उसके समाधान के निर्देश दिए। अधिकारियों ने पूर्व में आई कुछ भूमि विवाद की शिकायतें जिनका निस्तारण नहीं हो पाया है। उनके समाधान के लिए कहा गया। अधिकारियों ने कहा कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का जल्द से निपटारा करा दिया जाए।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## नगर पालिका ने आवागमन मार्ग को बनाया नर्क : चलना हुआ मुश्किल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नगर पालिका परिषद की मनमानी का शिकार आस–पास के लोग व आने–जाने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, मामला मुख्य मार्ग पर पालिका द्वारा कूड़ा डंप करने से जुड़ा है, हालाकि जिले में डेंगू संक्रमण के पैर पसारने के चलते जनपद में कई मौतें तो हुई ही है, हजारों की संख्या में लोग डेंगू संक्रमण



से ग्रसित भी है, सरकारी अस्पताल से लेकर पीएचसी, सीएचसी व निजी नर्सिगहोम मरीजों से पटें पड़े हैं, चिकित्सीय सूत्रों की माने तो शहरी क्षेत्र में डेंगू संक्रमण के प्रसार में पालिका की भूमिका भी कुछ कम नही है, बावजूद कोढ कम करने के बजाय नगर पालिका और बढ़ाने में लगा है, बात कर रहे हैं बाइपास स्थित सौरमऊ व कैलाशनगर की जहा नगर पालिका परिषद के द्वारा कूड़ा डंपिंग स्थल बनाया गया है, शहर की गंदगी उठाकर वही जमा करने का काम पालिका द्वारा पिछले लंबे समय से किया जा रहा है, परंतु अब तो नगर पालिका हठधर्मिता पर आमादा हो गई है, शहर से निकलने वाला संक्रमित कचरा डंपिंग स्थल कैलाशनगर में में फेकने के बजाय मुख्य मार्ग पर ही फेक दिया जा रहा है, जिसके चलते ओवरब्रिज के बगल से बनाया गया मार्ग सड़क पर फैलने के कारण आवागमन पूर्णरूप से अवरूद्ध हो गया है, हालात इतने बद्तर हो चले है की एक तो सडांध मारता संक्रमित कचरा दूसरे मुख्य मार्ग पर डंप करने के चलते आने–जाने का रास्ता बंद होने के वजह से आसपास क्षेत्र के लोगों का आना–जाना बिलकुल बंद हो जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के प्रयास लगातार हो रहे हैं सफल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लगातार गोमती नगर विस्तार प्रखंड समिति द्वारा विस्तार को स्वच्छ रखने के, एवं फॉकिंग के लिए पत्राचार माध्यम से समय–समय पर विस्तार की कूड़ा एवं स्वच्छता को



लेकर नगर आयुक्त, एलडीए वीसी को लगातार इस विषय में अवगत कराया गया जो कि प्रयास सफल रहा गोमती नगर विस्तार के लिए कूड़ा निस्तारण एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं फागिंग वाहन गोमती नगर विस्तार को स्वच्छ, साफ बनाने के लिए के लिए नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ,बख्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ला एवं नगर आयुक्त द्वारा गोमती नगर विस्तार की डोर टू डोर कलेक्शन, एवं बढ़ती बीमारियों को देखते हुए फॉकिंग वाहन की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के सचिव कर्नल ए एन पांडेय ,के के मौर्या, सी जी नायर , गोमती नगर विस्तार प्रखंड के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मोनिका कुमारी, सुमित सिंह,अनामिका चतुर्वेदी,राम जी तिवारी,पूर्णिमा पुष्पक,प्रीति श्रीवास्तव, प्रभात चतुर्वेदी एवं गोमती नगर विस्तार के सभी सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कभी उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता के साथ बढ़ती भारत की धमक –मृत्युंजय दीक्षित

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है और विश्व के लगभग सभी देश प्रधानमंत्री व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहे हैं। कोरोना महामारी की लड़ाई से थके हुए विश्व में अर्थ व्यवस्थाओं में मंदी और उसके करण उपजी नागरिक समस्याओं के साथ साथ रूस– यूक्रेन युद्ध सहित कई अन्य कारणों से तनाव व्याप्त है। किसी भी समय, किसी भी देश की एक गलती से धरती का बड़ा भाग परमाणु विध्वंस की चपेट में आ सकता है किन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारत की वर्तमान कूटनीति ने स्थितियों को बिगड़ने से बचा रखा है।

रूस –यूक्रेन युद्ध के सन्दर्भ में भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा व उसके किसी भी मंच पर कभी रूस के विरुद्ध मतदान नहीं किया अपितु ऐसे हर प्रस्ताव के समय अनुपस्थित रहा किन्तु जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भेंट रूसी राष्ट्रपति पुतिन से हुई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से पुतिन से कहा कि यह समय युद्ध का नहीं है । इसके बाद यूरोपियन समुदाय के सभी देशों के प्रमुख नेताओं ने प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत व प्रशंसा की। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है किआज रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दोनों ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं।

यह भारत की सुविचारित कूटनीति का ही परिणाम था कि रूस– यूक्रेन युद्ध के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के कारण कुछ समय के लिए युद्ध रूका और वहां फंसे भारतीय छात्रों की वापसी संभव हो सकी। छात्र वापस तो आ गए किन्तु रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण उनकी पढ़ाई में काफी नुकसान हुआ। अब एक कदम आगे बढ़कर रूस उन छात्रों के लिए एक बड़ा सहारा बनने जा रहा है। इन छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के लिए रूस ने एक प्रस्ताव दिया है। भारत यात्रा पर आये रूस के महावाणिज्य दूत ओलेग अलदीब ने कहा कि यूक्रेन से निकले भारतीय छात्र अपनी मेडिकल की पढ़ाई रूस में पूरी कर सकते हैं। रूस में होने वाली मेडिकल की पढ़ाई का कोर्स लगभग एक जैसा ही है। इसके साथ ही छात्र रूसी भाषा भी सीख सकते हैं। रूस का कहना है कि भारत के छात्रों व नागरिकों के लिए हमारे दरवाजे सदा खुले हैं।

जो बाईडेन ने अमेरिका की सत्ता सँभालने के कुछ समय पश्चात अचानक अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने का निर्णय लिया, उसके बाद जब अगानिस्तान में तालिबान ने अपनी सरकार बना ली और अपना कानून लागू कर दिया तब विश्व का कोई भी देश तालिबान के खिलाफ एक शब्द भी बोलने कि हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था उस समय केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही तालिबान को विश्व शांति के लिए बड़ा खतरा बताते हुए अपना पक्ष रखा था । तब उस समय दुनिया भर के जो नेता मौन थे उन्हें आज इस बात का एहसास हो गया है कि तालिबान में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अब भी खूंखार बना हुआ है। अफगानिस्तान में लड़कियों का जीवन बर्बाद हो चुका है और उनकी शिक्षा व बाहर काम करने जैसे सपनों पर ग्रहण लग चुका है।

बहुत दिनों के बाद अब तालिबान के मुद्दे पर दुनिया की आंखे खुली हैं और संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित हुआ है, इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को विशेष महत्व दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने तालिबान पर अफगान महिलाओं तथा लड़कियों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए यह प्रस्ताव पारित किया है । उसने तालिबान पर एक प्रतिनिधि सरकार स्थापित करने में नाकाम रहने तथा देश को गंभीर आर्थिक, मानवीय और सामाजिक स्थिति में डालने का आरोप लगाया है। प्रस्ताव में 15 महीने पहले अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से देश में निरंतर हिंसा और अल कायदा तथा इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी समूहों के साथ ही विदेशी आतंकवादी लड़ाकों का भी उल्लेख किया गया है। 193 सदस्यीय सभा में 116 मतों से यह प्रस्ताव पारित हुआ। रूस , चीन,बेलारूस, बुरूंडी, उत्तर कोरिया, इथियोपिया, गिनी ,निकारागुआ,पाकिस्तान और जिम्बाबवे सहित 10 देश प्रस्ताव से दूर रहे। सुरक्षा परिषद की तुलना में महासभा के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्य नहीं हैं लेकिन वे दुनिया की राय को दर्शाते हैं। सभा में यह प्रस्ताव जर्मनी राजदूत की ओर से रखा गया था ।

तालिबानियों का शासन आते ही भारत ने अलकायदा, इस्लामिक स्टेट, हक्कानी नेटवर्क जैसे खूंखार आतंकी समूहों से इनका गठजोड़ होने की आशंका जाहिर की थी अतः सभा में तालिबान के खिलाफ जो प्रस्ताव पारित हुआ है उसमें भारत द्वारा कही गई बातों और चेतावनियों को सही माना गया है।

यह भारत का ही दबाव है कि आज अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पाकिस्तान को दुनिया का सबसे खतरनाक देश मानने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उधर दूसरी तरफ अमेरिका अगले वर्ष से भारतीय छात्रों व नागरिकों को अमेरिका आने के लिए वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी राजी हो गया है जिसका सीधा लाभ भारतीयों को होने जा रहा है।

भारत के पड़ोसी शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान की राजनीति का केंद्र बिंदु भी नरेंद्र मोदी ही बन गये हैं। पाकिस्तान में विरोधी दल के नेता व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मोदी जी की विदेश नीति की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं वहां के वर्तमान पीएम शाहबाज शरीफ भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं लेकिन भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा व संरक्षण देता रहेगा तब तक पाकिस्तान के साथ कोई वार्ता संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह लोकप्रियता है या फिर उनका खौफ है कि पाकिस्तान का मीडिया दिन में कम से एक बार तो उनकी कोई न कोई बड़ी खबर चलाता ही है चाहे वह अफवाहों पर आधारित ही क्यों न हो।

विगत दिनों मिस्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन में भी पूरी दुनिया की नजर भारत पर ही रही और फ्रांस के राष्ट्रपति ने वहां पर भारत की पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न नीतियों का समर्थन किया ।

दिसंबर 2022 से एक वर्ष के लिए भारत जी –20 समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है वहीं दूसरी ओर अगले वर्ष जी –20 का शिखर सम्मेलन व अन्य कई बड़ी बैठकों का आयोजन भी भारत में ही होने जा रहा है यह हर भारतवासी के लिए बहुत ही गौरवमय क्षण होंगे। यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर भी है जिसका उपयोग भारत में विदेशी निवेश व पर्यटन को बढ़ाने के लिए किया जायेगा । वर्ष 2023 को सम्पूर्ण विश्व भारत के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष मनाने जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित यह प्रस्ताव भारत की ओर से ही रखा गया था। भोजन में मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण और आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुकूल होने के साथ साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत का भी अभिन्न अंग है। भारत में विरोधी दलों के नेता भले ही सरकार पर यह आरोप लगाए कि मोदी राज में महंगाई, बेरोजगारी की दर तेजी से बढ़ रही है और रूपया रसातल में जा रहा है लेकिन अमेरिका से भारत दौरे पर आईं अमेरिका की ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृतव में भारत लगातार नई ऊचाईयों को छू रहा है । अब भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़्ध्ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओ में से एक है। इसमें किसी को भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हम महामारी के प्रभाव से निपट रहे हैं। मगर रूस यूक्रेन युद्ध के कारण पूरे विश्व की अर्थवयवस्था बिगड़ रही है। येलेन का कहना है कि अमेरिका और भरत के बीच द्विपक्षीय व्यापार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुच गया है जो अभी और नई ऊचाईयां छुएगा ।अमेरिका ने भारत में हरित हाईड्रोजन और सौर ऊर्जा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की सराहना की । आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है तथा हर वैश्विक चुनौती पर अपनी अंतिम रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान व भारत सरकार की ओर से आ रही प्रतिक्रिया के बाद ही बनायी जा रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## उपचुनाव की तीनों सीटें जीत रही भाजपा –मुकुल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि होने वाले उपचुनाव में बीजेपी तीनों सीटें जीत रही है विपक्ष बौखला गया हैं। सपा मुखिया नहीं चाहते कि कोई कार्यकर्ता ऊपर उठ पाएँ। इससे पहले भी सपा मुखिया ने आजमगढ़ की सीट पर अपने परिवार के ही व्यक्ति को लड़ाया और पुनः मैनपुरी में भी आपने देखा कि किस प्रकार अपनी पत्नी को टिकट दिया। सपा सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाती है। भाजपा सबका साथ ,सबका विकास व सबका विश्वास के साथ काम कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा सभी को एक साथ लेकर चलती है। कार्यकर्ताओं का सम्मान सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में है भारतीय जनता पार्टी छोटे से छोटे कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। बार बार परिवार को



टिकट देकर यह प्रदर्शित होता है कि सपा सिर्फ परिवार की पार्टी है। आजमगढ़ रामपुर लोक सभा व गोला विधानसभा के उपचुनाव में जनता सपा को आइना दिखा चुकी है। तीनों में भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई। अब पुनः जनता तीनों सीट के उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएगी।

## पूर्व जिलाधिकारी अमिय कृष्ण चतुर्वेदी की मूर्ति का 14 नवंबर को वरदान चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा होगा अनावरण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वरदान चैरिटेबिल ट्रस्ट के संस्थापक प्रबन्ध न्यासी तथा जनपद के पूर्व जिलाधिकारी अमिय कृष्ण चतुर्वेदी की प्रतिमा का अनावरण महायोगी गुरु गोरखनाथ इंटर कालेज परिसर में आगामी 14 नवम्बर दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह जी करेंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश आई०ए०एस० एसोसिएशन के सचिव रंजन कुमार जी ने भी अपनी एसोसिएशन के एक सदस्य को कार्यक्रम में उपस्थित रहने की जानकारी दी है। यह जानकारी देते हुये बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ ट्रस्टी अरुणेश वाजपेयी ने बताया कि प्रतिमा अनावरण समारोह 14 नवम्बर को इसलिये रखा गया है। क्योंकि यह चतुर्वेदी जी की जन्म तिथि है। आज समारोह को लेकर ट्रस्ट के प्रवन्ध न्यासी भुवन चतुर्वेदी ने बैठक में वरचुअली तैयारियों की समीक्षा की मूर्ति स्थापना संबंधी कार्य की जिम्मेदारी अविनाश मिश्रा और अनुराधा मिश्रा को सौपी गयी है। ट्रस्ट के सचिव अतुल कान्त द्विवेदी ने बताया कि मूर्ति अनावरण समारोह के अन्तर्गत ही ट्रस्ट द्वारा चयनित वेणी माधव विद्यापीठ इण्टर कालेज की दिव्यांग मेधावी छात्रा रजनी पाल को 10000 रूपये वार्षिक की ए० के० चतुर्वेदी स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान



की जायेगी। इसके अलावा जनपद की दो उदीयमान महिला प्रतिभागियों को शोभना चतुर्वेदी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इनमें चयनित प्रतिभागियों में साक्षी मिश्रा पी०सी०एस० जे० में चयनित होने के आधार पर तथा दूसरी प्रतिमा मुस्कान का चयन प्रदेश की हाकी टीम में चयन पर सम्मान के लिये किया गया है। इसके अतिरिक्त में भीषण नाव दुर्घटना के पश्चात से अर्जुनपुर पुल की मांग को लेकर अपने समस्त सुहाग चिन्हों का परित्याग कर आन्दोलनरत सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सीमा मिश्रा को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक मे अन्य लोगों के अतिरिक्त मुख्य रूप से ट्रस्टी अविनाश गुप्ता, करुणा शंकर, अतुल कपूर, अशोक श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, श्रवण दीक्षित, अनिल श्रीवास्तव, गिरीश मिश्रा, सरिता अग्रवाल आलोकिता श्रीवास्तव, जे० पी० श्रीवास्तव तथा प्रेम शुक्ला उपस्थित रहे।

## सफलता के लिए इच्छा शक्ति के आगे विकलांगता रूकावट नहीं बन सकती –सी0डी0ओ0 हरदोई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अभिभावक दिव्यांग बच्चों को पढ़ाये और गुरूजन बच्चों का भविष्य संवारने में सहयोग करें। समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा क्रिन्यावन जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय प्रेक्षागृह में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाल के शुभारम्भ पर नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों ने सरस्वती वंदना के उपरान्त अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत गाया और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का सफल नाटक का मंचन कर सभी का मनमोह लिया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कहा कि सफलता के लिए इच्छा शक्ति के आगे विकलांगता रूकावट नहीं बन सकती, इसलिए अभिभावक अपने दिव्यांग बच्चों को प्राथमिकता पर अवश्य पढ़ाये और स्कूल में गुरूजन दिव्यांग बच्चों का



भविष्य संवारने में ईमानदारी से सहयोग करें। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश कुमार तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीपी सिंह, समेकित विद्यालय की आशा वर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा बच्चों के अभिभावन उपस्थित रहे।

## डम्फर की टक्कर से बस चालक घायल : बाल–बाल बचे स्कूली बच्चे

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : माधौगंज थानाक्षेत्र के सूरतपुरवा गांव के सामने बघौली रोड पर तेज गति से बघौली की ओर जा रहे डम्फर ने स्कूल बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। बस में सवार बच्चे बाल–बाल बच गए जबकि चालक सरफुद्दीनपुर निवासी अवधकिशोर बुरी तरह जख्मी हो गया है। घटना सुबह 7:30 बजे की है जब स्कूली बस बच्चों को लेकर मल्लावां कोतवाली के ग्राम ईश्वरपुर साई स्थित एसडीएलवीएस इण्टर कॉलेज जा रही थी। भयंकर टक्कर को लेकर स्कूली बच्चे सहम गए। घायल चालक को इलाज के लिए हरदोई भेज दिया गया है। चालक ने बताया कि बेकाबू डम्फर कस्बे से बघौली की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण रही कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं उसके भी गम्भीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों की मदद से बस को काटकर चालक को सुरक्षित निकाला जा सका है। घटना स्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। डम्फर चालक मौके से फरार हो गया है।

## न्याय पंचायत स्तरीय परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शुक्रवार को भरखनी ब्लाक की न्याय पंचायत कमालपुर के परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। 50 मीटर की दौड में प्राथमिक विद्यालय चक के अर्पित कुमार ने प्रथम, पतयोरा के मुकेश कुमार ने द्वितीय स्थान पाया। कबड्डी में सहसोगा प्रथम,प्राथमिक कमालपुर टीम द्वितीय रही। प्राथमिक स्तर ऊंची कूद बालक वर्ग में कमालपुर के अभिषेक प्रथम, लखनौर के शिवा दीक्षित द्वितीय रहे। प्राथमिक स्तर खो– खो बालिका में देवन्नापुर की टीम प्रथम, कमालपुर द्वितीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में कमालपुर की टीम प्रथम, सहसोगा टीम द्वितीय रही। जूनियर स्तर कबड्डी खेल में



कमालपुर प्रथम,भाभर टीम द्वितीय स्थान पर रही।जूनियर स्तर ऊंची कूद बालक वर्ग में कमालपुर के रवि प्रथम, लखनौर के अभिषेक द्वितीय स्थान पर रहे।बालिका वर्ग में लखनौर की लक्ष्मी प्रथम, कमालपुर की स्वालीन द्वितीय स्थान पर रही। जूनियर स्तर कबड्डी में कमालपुर की टीम प्रथम स्थान पर, भाभर टीम द्वितीय स्थान पर रही।

## कथा व्यास देवी महेश्वरी श्रीजी द्वारा आयोजक मंडल सदस्यों व समाजसेवी आर एल पाण्डेय को आशीर्वाद तथा भेंट किया गया अंग वस्त्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के रायबरेली रोड दुर्गा मंदिर के सामने पीजीआई के निकट श्री गणपति लॉन में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हो रही है। मुख्य यजमान संजय सिंह उनकी धर्मपत्नी पारुल सिंह हैं। श्रीमद् भागवत कथा 15 नवंबर तक अपराहन 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक हो रही है। आयोजक संजय सिंह के अलावा अमर सिंह, कैप्टन सुभाष ओझा, संजय सिंह, रोहित पांडे, सुशील तिवारी, सुनील त्रिपाठी, अनिरुद्ध सिंह, सुरेश तिवारी,सत्यम उपाध्याय, रणधीर सिंह, संजय गिरी, राजेश सिंह, आशीष ठाकुर, वीरेंद्र सिंह सोमवंशी एडवोकेट, रणवीर सिंह राजन व्यवस्था संभाल रहे हैं।तृतीय दिवस श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ विद्वान पंडितों ने सस्वर मंत्र उच्चारण कर षोडशोपचार व्यास पूजन कर किया। आयोजक मुख्य यजमान संजय सिंह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पारुल सिंह ने सपरिवार बच्चों सहित व्यास पूजन कर देवी महेश्वरी श्रीजी का माल्यार्पण कर किया। कथा व्यास देवी महेश्वरी श्रीजी ने आयोजक मंडल के सभी




सदस्यों एवं समाजसेवी आर एल पाण्डेय को आशीर्वाद देते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। वृंदावन से पधारी कथावाचक देवी महेश्वरी श्रीजी ने कहा कि मन निर्मल होना चाहिए आत्मा पवित्र होनी चाहिए। तब प्रभु हृदय में आकर बैठेंगे।यह कथा प्रभु की कथा है, भगवान की कथा है।प्रभु के चरणों में अपने को समर्पित कर श्रीमद् भागवत कथा सुननी चाहिए,जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है। जीवन में एक बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। ऐसा मन बना लेना चाहिए कभी न कभी ईश्वर अवश्य पूरा करेंगे। इससे बड़ा आयोजन, इससे बड़ा कोई उत्सव नहीं है। श्रीजी ने नवधा भक्ति का विस्तार से वर्णन किया।

## पूर्णाहुति के साथ रामचरितमानस पाठ संपन्न

आर एल पाण्डेय गोण्डा। श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार के तत्वावधान में शहर के नगर कोतवाली के सामने एक आवासीय प्रांगण में चल रहे कार्यक्रम में चल रहा मानस पाठ शुक्रवार को दोपहर में पूर्णाहुति हवन यज्ञ के साथ सम्पन्न हो गया। सायंकाल दिल्ली राजस्थानसे आए कलाकारों ने जागरण की प्रस्तुति दी। गुरुवार को सुबह श्री राम चरितमानस का पाठ शुरू होने से पहले पंडित बांके बिहारी और पंडित राम नाथ के नेतृत्व में पूजन पाठ का कार्यक्रम हुआ। पूजन के कार्यक्रम में यजमान राजू सोनी और लक्ष्मी सोनी रहीं । उसके बाद रामचरितमानस का पाठ प्रारंभ हुआ पाठ कर रहे वाचक आलोक अपनी टीम के साथ मौजूद रहे पाठ 'महावीर विनयो हनुमाना राम जास जस आप बखाना... संपुट के साथ श्री रामचरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ। जिसका शुक्रवार को हवन पूजन हुआ लोगों ने हवन की आहुति ली के बाद पूजन पाठ हुआ और फिर आरती हुई आरती के बाद पाठ संपन्न हुआ । इस दौरान सुनील कुमार रस्तोगी, रो. दिनेश मिश्रा रो. चित्रार्थ तिवारी अजय कसौधन, चंदन आर्य , गौरव रस्तोगी, प्रतीक टंडन, संतोष शुक्ला, विवेक सिंह गौरव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अंकित मिश्रा, बीनू कुशवाहा, मुन्ना सोमानी, रोहित कौशल, निखिल, शुभम, ऊषा रस्तोगी, रितु टंडन, रीता टंडन लक्ष्मी सोनी,श्रद्धा कुशवाहा , पूजा आर्य, कुमुद मिश्रा, पिंकी रस्तोगी, दिव्या गुप्ता, कामिनी देवी, खुशबू गुप्ता, नेहा गुप्ता, ज्योति गुप्ता आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## श्रीमती प्रज्ञा सिंह को उ0प्र0 महिला कांग्रेस ( मध्य जोन ) लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी बनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी के निर्देश पर तथा अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा जी के अनुमोदनोपरान्त श्रीमती प्रज्ञा सिंह को उ0प्र0 महिला कांग्रेस ( मध्य जोन ) लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी मनोनीत किया गया। जारी परिपत्र में उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष श्रीमती ममता चौधरी ने कहा कि श्रीमती प्रज्ञा सिंह के लखनऊ नगर निकाय चुनाव का प्रभारी बनने पर कांग्रेस को निश्चित रूप से अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, योगेश दीक्षित, अजय राय, वीरेन्द्र चौधरी, एवं प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, संगठन महासचिव दिनेश सिंह, अनिल यादव, उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारियों, प्रवक्ता पंकज तिवारी,संजय सिंह,



रफत फातिमा, प्रियंका गुप्ता, शामीना शफीक तथा महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष श्रीमती ममता चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया तथा नगर निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जल्द से जल्द से एक बैठक की अपेक्षा की है।

## एस.के.डी. एकेडमी में मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस.के.डी. एकेडमी के पाँचों शाखाओं में आज, 11 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस है। स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की याद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल आज के दिन मनाया जाता है। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने 1947 से 1958 तक प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने भारत की शिक्षा प्रणाली की नींव रखी और देश में उच्च शिक्षा के मुख्य नियामकों व संस्थानों, जैसे – अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, आदि की स्थापना हुई। उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की जयंती यानि 11 नवंबर




को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 2008 से की गई थी। बच्चो ने इस अवसर पर कई प्रस्तुतियां दी जिसमें कविता पाठ, षिक्षा पर डिबेट इत्यादि। एस.के.डी. ग्रुप के निदेषक श्री मनीष सिंह जी ने आजाद जी के जीवन को चित्रित करते हुए कहा कि आजाद एक सुधारक और एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध किया।

## रक्तदान शिविर से 30 यूनिट रक्त का किया गया संग्रह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रक्तदान महादान! इस विचार के साथ दिनांक 12.11.2022 को सेंट क्लेयर कॉन्वेंट स्कूल, हरदोई रोड काकोरी, नियर हयात हॉस्पिटल लखनऊ ने अपने रजत जयती वर्ष 2022 – 2023 के अवसर पर K.G.M.U के Department of Transfusion Medicine के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन अपने विद्यालय परिसर मे कराया। इस शिविर में विद्यालय प्रशासन, शिक्षको एवं अभिभावको एवं विद्यार्थियो ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर मे लगभग 30 लोगो ने रक्तदान करके रक्तदान के महत्त्व को लोगो तक पहुचाया। इस रक्तदान शिविर से 30 यूनिट रक्त का



संग्रह किया गया।

# थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा 02 किलो 140 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्धा में सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मछलीशहर श्री देवानन्द रजक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त निरीक्षक अरविन्द कुमार चौहान मय हमराही कर्मचारीगण के मुखबिर की सूचना पर दिनांक 10.11.2022 की शाम ताजुद्दीनपुर पुलिया के पास से अभियुक्त बब्लू कुमार उर्फ राजकुमार सिंह निवासी ग्राम अलापुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर की गिरफ्तारी की गयी। अभियुक्त की जामा तलाशी से अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 02 किग्रा 140 ग्राम अवैध गाँजा बरामद हुआ। अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 277/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम बब्लू कुमार उर्फ राजकुमार सिंह उपरोक्त के पंजीकृत किया गया है। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताद 1.बब्लू कुमार उर्फ राजकुमार सिंह निवासी ग्राम अलापुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर । पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 277/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर । गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. निरीक्षक अरविन्द कुमार चौहान थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. हे.का. संजय यादव, हे.का.वीर बहादुर, का. सन्दीप कुमार सिंह, का. विकास कन्नौजिया थाना मछलीशहर जौनपुर।

# थाना तेजीबाजार पुलिस ने धारा 379, 411 से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे तथा मुझ थानाध्यक्ष के नेतृत्व मे थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत सम्बन्धित मु0अ0सं0 8/22 धारा 379/411 मे वांछित अभियुक्त मुकेश चौबे पुत्र बीरबल चौबे निवासी ग्राम सराय विभार थाना–तेजीबाजार जनपद–जौनपुर को ग्राम सराय विभार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश चौबे उपरोक्त के विरुध्द संबंधित मुकदमा मे विवेचनात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.मुकेश चौबे पुत्र बीरबल चौबे निवासी ग्राम सराय विभार थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग 1.मु0अ0सं0 8/22 धारा 379/411 भादवि थाना तेजीबाजार जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1– उ0नि0 राजीव मल्ल थाना तेजीबाजार जौनपुर। 2– का0 श्यामू कुमार चौहान, का0 अमित कुमार थाना तेजीबाजार जौनपुर।

# "यातायात माह नवम्बर" के तत्वाधान में मदिरा एवं मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलानें वालों पर हुई कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 11.11.2022 को "यातायात माह नवम्बर" के तत्वाधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन निर्धारित कार्यक्रम मदिरा/ मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलानें वालों पर कार्यवाही व इसके प्रति प्रचार प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए मदिरा/ मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलानें वालों की चेकिंग किया गया, दोषी पाये जाने पर चालान की कार्यवाही की गयी तथा इसके प्रति प्रचार प्रसार व वाहन चालको कों जागरूक किया गया । तथा आज दिनांक 11.11.2022 को जनपद पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का



उल्लघंन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 127 चालान व 1,32,000/– रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी है।

## जर्मनी में उच्च गुणवत्ता सोलर सेल पर शोध करेंगे पीयू के डॉ. धीरेंद्र चौधरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के वैकल्पिक उर्जा शोध केंद्र के वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र चौधरी को साइंस एण्ड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित एस.इ.आर.बी. इंटरनेशनल रिसर्च एक्सपीरियंस (एस. आई. आर. इ. ) फेलोशिप प्राप्त हुआ है। इस फेलोशिप के अंतर्गत डॉ. चौधरी जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोन में तीन माह के लिए उच्च दक्षता के सोलर सेल बनाने के लिए शोध करेंगे। डॉ. धीरेंद्र चौधरी ने बताया कि यह फेलोशिप उन्हें जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोन विश्वप्रतिष्ठित वैज्ञानिक व इंस्टीट्यूट ऑफ इनॉर्गेनिक केमिस्ट्री के निदेशक प्रो. संजय माथुर के साथ लेड रहित सिंगल क्रिस्टल थीन फिल्म का प्रयोग कर उच्च दक्षता के सोलर सेल बनाने के लिए प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के सोलर सेल के विकसित होने से बाजार में बहुत ही कम खर्च के फ्लैक्सिबल सोलर सेल प्राप्त हो सकेंगे। जिन्हें पोर्टेबल पावर सप्लाई के रूप में भी विभिन्न कार्यों जैसे इलेक्ट्रिक कारों व बिल्डिंग इंटीग्रेसन और आई. ओ. टी. डिवाइसेज आदि के लिए प्रयोग में लाया जा सकेगा। साथ ही साथ ये डिवाइसेस पूर्णरूप से इको फ्रैंडली होंगी जिससे इनके प्रयोग से पर्यावरण को कोई



नुकसान नही होगा। डॉ. चौधरी इससे पहले आई. आई. एस. इ. आर. कोलकाता व आई. आई. टी. कानपुर में उच्च दक्षता के फ्लैक्सिबल सोलर सेल बनाने हेतु कार्य कर चुके है तथा वर्तमान में डॉ. चौधरी 7 विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्राप्त प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने डॉ. धीरेंद्र कुमार चौधरी को बधाई दी तथा यह उम्मीद जताई की भविष्य में रज्जू भैया संस्थान विज्ञान क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय को विश्व पटल पर स्थापित करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. बी बी तिवारी, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राम नारायण, प्रो. सुरजीत यादव, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. काजल डे, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अमित वत्स, डॉ. आशुतोष सिंह समेत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

# सुदनीपुर हाल्ट रेलवे स्टेशन पर जज सिंह अन्ना के साथ रेल आंदोलनकारियों ने जमकर किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं –सुदनीपुर हाल्ट रेलवे स्टेशन पर आज जज सिंह अन्ना के साथ सैकड़ों आंन्दोलनकारियो ने जमकर प्रदर्शन किया और सुदनीपुर स्टेशन की दुर्दशा पर अपनी मांगे रखी सुदनीपुर टिकट बुकिंग घर किसी भी छड़ टूट फूट कर गिर सकता है। आंदोलनकारियों ने कहा कि सुदनीपुर हाल्ट रेलवे स्टेशन पर हमें कभी टिकट नहीं मिलता और हम बिना टिकट जाने को मजबूर हो जाते हैं और हम रेलयात्रियों से जौनपुर इलाहाबाद में बिना टिकट पकडे जाने पर 4000 जुर्माना वसूलना पड़ते है सुदनीपुर स्टेशन में मूलभूत सुविधाएं उपलब्धा नहीं है कभी सुदनीपुर बीआईपी हाल्ट स्टेशन था आन्दोलनकारियों ने 15



नवंबर को रेल रोको आंदोलन की घोषणा कर दी है और कहा है कि मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन पर हमें सुहेलदेव एक्सप्रेस 22433/22434 के ठहराव की तत्काल जरूरत है और जौनपुर प्रयागराज संगम को सुबह जौनपुर से पुराने समय 5:20 बजे चलाने की मांग आंदोलनकारियों ने की और प्रयागराज संगम से जौनपुर के लिए 17:40 बजे ट्रेन चलाने की मांग की।

# थाना जफराबाद पुलिस द्वारा 02 वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में मयहमराह द्वारा मा0 न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय कोर्ट नं0–31 जौनपुर मु0अ0सं0 747/22 धारा 324/504 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर ता0 पेशी 20.11.2022 द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के वारण्टी 1.रामनाथ पुत्र धनई उम्र करीब 66 वर्ष नि0 सुंगुलपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर 2.प्रेम प्रकाश पुत्र रामनाथ नि0 सुंगुलपुर थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता– 1.रामनाथ पुत्र धनई उम्र करीब 66 वर्ष नि0 सुंगुलपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2.प्रेम प्रकाश पुत्र रामनाथ नि0 सुंगुलपुर थाना जफराबाद जौनपुर। अपराधिक अपराध– 1. मु0अ0सं0 747/22 धारा 324/504 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री अजय कुमार शर्मा थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 संजय चौधरी, हे0का0 पवन कुमार सिंह, का0 अंकित कुमार थाना जफराबाद जनपद जौनपुर।

# थाना बक्सा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी के कुशल निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी/वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 करमुल्ला मय हमराहगण संबंधित मु0नं0–337/17 धारा mv act सम्बन्धित थाना कोतवाली जौनपुर न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर ता0पेशी 20.11.2022 द्वारा जारी एन0बी0डब्ल्यू0 के वारण्टी पिन्टू यादव उर्फ अखिलेश यादव पुत्र अमरजीत यादव उर्फ समरजीत यादव निवासी उतरेजपुर(शम्भूगंज) थाना बक्शा जनपद जौनपुर को उसके घर ग्राम उतरीजपुर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी नाम व पता– 1.पिन्टू यादव उर्फ अखिलेश यादव पुत्र अमरजीत यादव उर्फ समरजीत यादव निवासी उतरेजपुर(शम्भूगंज) थाना बक्शा जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री करमुल्ला खाँ मय हमराहगण थाना बक्सा,जौनपुर।

# ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 16 नवंबर को होगा आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बी आर सी माधौगंज पर क्रीड़ा प्रभारी की अध्यक्षता में क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई। क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि कबड्डी,खो –खो, दौड़,हाई जम्प ,लांग जम्प , बैडमिंटन,आदि खेल करवाएं जायेंगे।न्याय पंचायत स्तर पर सूचियां प्राप्त हो रही है। जिस न्याय पंचायत की सूची जमा



न हुई हो उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक 14 नवंबर तक बच्चों की सूची व खेल का नाम अवश्य लिख कर हार्ड कापी में बी आर सी पर जमा करना सुनिश्चित करें।ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सम्बन्धा में विधिवत चर्चा हुई। ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 16 नवंबर की बी आर सी प्रांगण पर करवाई जाएगी। बैठक में राजेश वर्मा,धीरज अवस्थी,संतोष सिंह, राजीव कुमार, नीरज गुप्ता, नीरज कुमार, मनोज प्रताप सिंह, रजनेश कुमार, दिलीप कुमार, राजीव गुप्ता, संजय सिंह, शौर्य मिश्रा, विनीत कुमार,अजय कुमार (कम्प्यूटर आपरेटर),अशोक सिंह, प्रतीक्षा देवी ,ऋचा त्रिवेदी, महेंद्र सिंह, अंकित सिंह, प्रियतम सिंह आदि शिक्षक व अनुदेशक मौजूद रहे।

# पाली में तहसीलदार की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : पाली थाने पर तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर पहुंची तहसीलदार सवायजपुर डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव ने क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और यथाशीघ्र समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश भी दिये।थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल ने भी



समाधान दिवस में आईं शिकायतों को सुना।समाधान दिवस में कुल 14 शिकायतें आईं,हालांकि मौके पर केवल एक ही शिकायत का निस्तारण हो सका। शेष शिकायतें राजस्व से संबंधित होने की बजह से हल्का लेखपालों को इनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।शनिवार को पाली थाने पर तहसीलदार डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारी पुलिस के साथ सामंजस्य स्थापित कर शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें।उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण ज्यादा समय तक लंबित न रखा जाये।वही प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल ने कहा कि भूमि विवादों का निपटारा करने के लिए जहाँ कहीं भी पुलिस बल की आवश्यकता है ,वहाँ तत्काल लेखपालों को पुलिस बल मुहैया कराया जायेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार पीयूष भार्गव, कानूनगो प्रमोद पाण्डेय,कांस्टेबल गुंजन गिल,बृज किशोर,सहित थाना क्षेत्र के गाँवो से संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।

# 44वें उर्स मेले में सैकड़ों की संख्या में जुटें लोग : दो टीमों के बीच में हुआ जबरदस्त कव्वाली मुकाबला

करंजाकला/जौनपुर पत्रकार– कन्हैया लाल विश्वकर्मा : प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धीकपुर स्थित आस्ताना हजरत असरा शहीद बाबा मजार पर आज 44 वां उर्स मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कव्वाली मुकाबला,कुरानखानी,चादरपोशी जैसे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। असरा शहीद बाबा मजार पर लगने वाला विगत 44 वर्षों से मेला में गाजीपुर, सुल्तानपुर,आजमगढ़,मऊ जैसे कई जनपदों से सैकड़ों की संख्या में लोग आते हैं। शहीद बाबा का मजार मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध माना गया है।लोग यहां मनोकामना पूर्ति के लिए चद्दर चढ़ाकर ईश्वर से प्रार्थना और दुआ करते हैं। मजार कमेटी के अध्यक्ष नसीम हाशमी ने बताया की मेला को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और यह मेला सुबह 7 बजे से देर रात तक चलता है। मेला में दूरदराज से आए लोगों के लिए लंगर भी लगाए गए हैं लोगों को भोजन भी कराया जाता है। मेला कमेटी उपाध्यक्ष निजामुद्दीन ने बताया कि मेला में दो टीमों द्वारा कव्वाली का मुकाबला कराया। जिसमें कव्वाला मेहता बनारसी और रानी डिस्को जौनपुरिया भाग लिया,कव्वाली मुकाबला शाम 6बजे से प्रारंभ हुआ। उप कोषाध्यक्ष वीरे यादव ने बताया कि मेला को लेकर





मजार की साफ–सफाई रंगाई पुताई का कार्य पूरा करा दिया गया है और मेला में आए लोगों के लिए उचित व्यवस्था की गई है। अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का समय सारणी कमेटी के सेक्रेटरी मैनुद्दीन ने बताया उर्स मेला सुबह 7 बजे से कुरानखानी के साथ प्रारंभ होगा और शाम 4 बजे चादर पोशी 5 बजे मिलादुन्नबी और 6 बजे से कव्वाली मुकाबला कराया गया।

# तस्करी और वाणिज्यिक यौन शौषण पीड़ितों के लिए विधिक योजना विषयक पर हुआ जागरूकता शिविर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शनिवार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राजकुमार सिंह के आदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसील विधिक सेवा समिति तहसील सदर सचिव /तहसीलदार के नेतृत्व में तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलारपुर इचौली के ग्राम हसनापुर विकास खण्ड बावन में विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से तस्करी वाणिज्यिक यौन शौषण पीड़ितों के लिए विधिक योजना 2015 पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया दो सप्ताह के महाअभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलारपुर इचौली के ग्राम प्रधान नन्ही देवी के आवास पर ग्राम हसनापुर मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान पति/प्रतिनिधि श्री राकेश शुक्ला ने की।शिविर का संचालन लीगल एड क्लीनिक कुंवरपुर में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक श्यामू सिंह द्वारा किया गया, पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा ग्राम वासियों को शिविर के माध्यम से तस्करी वाणिज्यिक यौन शोषण के पीड़ितों लिए विधिक सेवा योजना 2015 की जानकारी दी गई। उन्हों ने ग्राम वासियों को आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा योजना 2010 के अंतर्गत आपदा चाहे प्राकृतिक



हो या मानव जनित प्रया पीड़ितों को घर संपत्ति नुकसान की त्रासदी झेलनी पड़ती है आपदा पीड़ित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा (12 ई) के अन्तर्गत निशुल्क सेवा प्राप्त करने का हकदार है व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब,असहाय एवं जरूरतमन्द लोगों दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाएं, शासन द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे मे जानकरी देते हुए लोक अदालत से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर अधिक संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डी०पी०आर०ओ० और समस्त ई०ओ० को स्वछकारो के संबंध में गाइडलाइन उपलब्ध कराई जाए –भग्गूलाल बाल्मीकि

जौनपुर सू.वि. : माननीय सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन, कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग भग्गूलाल बाल्मीकि जी द्वारा लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, पीओ डूडा, मंडी समिति सचिव एवं सफाई कर्मी यूनियन/संगठन प्रमुखो के साथ हाथ से मैला साफ करने की कुप्रथा से विमुक्त स्वच्छकारों के पुनर्वासन तथा सफाई कर्मियों की समस्याओं के संबंध में बैठक की। बैठक में माननीय सदस्य ने समस्त ई०ओ० को निर्देश दिया कि सफाई कर्मचारियों का वेतन 01 अक्टूबर 2022 से 374.53 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से हो गया है उसे लागू करे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का वेतन और ई०पी०एफ० समय से दिया जाए। ई०पी०एफ० कटौती में किसी प्रकार की घपलेबाजी नही होनी चाहिये अन्यथा कार्यवाही तय की जाएगी। उन्होंने अनुपस्थित ई०ओ० पर नाराजगी व्यक्त की। माननीय सदस्य द्वारा सफाईकर्मियों से वार्डो के साफ–सफाई, वेतन, ई०पी०एफ० की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया की वार्डो की साफ–सफाई नियमित की जाए। समाज कल्याण के अनुसेवक सुनील कुमार से स्वछकारो के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि डी०पी०आर०ओ० और समस्त ई०ओ० को स्वछकारो के संबंध में गाइडलाइन उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने अभ्युदय योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव समेत दूसरे कामों में लगाने पर रोक : कोर्ट ने टिप्पणी संग जारी किया आदेश

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव समेत अन्य दूसरे कामों में लगाने पर रोक लगा दी है। अदालत ने अपने आदेश की प्रति मुख्य सचिव को भेजा है जिससे कि वह संबंधित जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी कर सकें। मालूम हो कि प्रदेश में 1.89 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला मनीषा कनौजिया व एक अन्य की याचिका पर दिया। याचियों का कहना था कि वे बाराबंकी जिले के आंगनबाड़ी केंद्र सिटी गुलेरिया गरदा में बतौर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें प्रशासन ने स्थानीय निकाय चुनाव में बतौर बूथ लेवल अफ सर (बीएलओ) की ड्यूटी में लगाया है। यह केंद्र और राज्य सरकार की आदेशों व निर्देशों में खिलाफ है। इस तैनाती से क्षेत्र में बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल की व्यवस्था प्रभावित होगी। याचियों का तर्क था कि चुनाव के काम में अन्य ग्राम स्तर के कर्मियों को लगाया जा सकता है। उधर, डीएम व अन्य पक्षकारों की



ओर से जवाब में कहा गया कि चुनाव का कार्य सर्वोच्च अहमियत वाला है। ऐसे में सभी अफ सरों को इसमें सहयोग करना होता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि इन कार्यकर्ताओं का काम काफी अहमियत वाला होता है। इनकी चुनाव या किसी अन्य काम में ड्यूटी से धात्री, गर्भवती समेत अन्य के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने अपना आदेश जारी कर दिया।

# अग्निशमन मानक पर खड़े न उतरने वाले संचालकों पर शीघ्र होगी कार्यवाही –एमपी सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शहर में इस समय जहां एक ओर अग्निकांड की घटनाएं बीच–बीच में होटलों सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों मे घटित हुई है।अगर देखा जाए तो मुख्य रूप से इसके पीछे अग्निशमन विभाग के मानक पर होटल, रेस्टोरेंट व अन्य प्रतिष्ठानो के स्वामी खरे नहीं उतर रहे हैं।जिन पर शिकंजा कसने के लिये अभी कुछ दिनों पहले इससे पहले मुख्य अग्निशमन अधिकारी रहे राज किशोर राय ने शासन के निर्देश पर कोतवाली नगर क्षेत्र में होटलों,विद्यालयों, स्कूलों, कालेजों, कांप्लेक्स सहित अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों पर जाकर एक विशेष अभियान चलाया था।निरीक्षण के दौरान अधिकतर प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र का अभाव रहा वहीं जहां पर अग्निशमन यंत्र मौजूद रहे परंतु इस यंत्र को चलाने के लिए वहां पर मौजूद इन प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया था।इसका खुलासा उस समय हुआ जब निवर्तमान मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ इन प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों व स्वामियों से वहां पर लगे अग्निशमन यंत्रों को चलाने के लिए कहा और आग पर काबू कैसे पाया जाए इसके बारे में विस्तृत जानकारी लेनी चाही तो वह लोग कुछ नहीं बता सके।जिसके चलते उन्होंने शहर के एक दो प्रतिष्ठित होटल को भी सीज करने का भी निर्देश भी दिया था परंतु उनका यह निर्देश हवा हवाई ही साबित हुआ।अगर देखा जाए तो इस समय शहर के अधिकतर होटलों में अग्निशमन मानक के अनुरूप यंत्र नहीं है और ना ही विकास प्राधिकरण के मानक के मुताबिक नक्शे भी बने हुए हैं।अगर कभी भी इन होटलों में भीषण अग्निकांड की घटना हो जाए तो बहुत ही बड़ी



जन और धन की हानि हो सकती है। यही दशा यहां पर विभिन्न कालेजों,स्कूलों,रेस्टोरेंट दुकानों व माल सहित अन्य बड़े इमारतो की है।जहां पर अग्निशमन विभाग के मानक के अनुसार वहां के स्वामी खड़े नहीं उतर रहे हैं।जिसके चलते आने वाले दिनों में कोई बड़ी अनहोनी घटना हो सकती है। इस संबंध में नवागत मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या एमपी सिंह ने शहर के सभी होटलों कॉलेजों दुकानदारों, रेस्टोरेंट और अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों के स्वामियों को सचेत करते हुए कहा है कि शीघ्र से शीघ्र आप सभी अग्निशमन विभाग के मानक के अनुरूप ही कार्य करें क्योंकि अग्निशमन विभाग शीघ्र ही एक विशेष चेकिंग अभियान चलाने जा रहा है।अगर इस दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर जो भी स्वामी अगर अग्नि शमन विभाग के मानक के अनुसार कार्य करता हुआ नहीं पाया गया,तो उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि इसके साथ ही साथ बीच–बीच में इन प्रतिष्ठानों के स्वामियों को अग्निशमन मानक के अनुसार कैसे बचे किस यंत्र का प्रयोग करें इसके विपरित सूचित किया जाएगा।

# दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा क्रियान्वयन हेतु जिलास्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : दिव्यांग बच्चो के समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, डाभासेमर ,मसौधा,में मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए परियोजना निदेशक आर पी सिंह के उपस्थिति में सम्पन्न हुई।इस मौके पर मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यशाला की शुरुआत किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने परियोजना निदेशक को स्मृति चिन्ह व बुके देकर उनको सम्मानित किया।वही जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवाकांत द्विवेदी ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर व स्पेशल एजुकेटर अंकिता द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया।इस कार्यक्रम का संचालन सदक–ए–हुसैन द्वारा कुशल नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी,डी पी आर ओ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक,मुस्कान फाउंडेशन की रानी अवस्थी, एडवोकेट अशोक द्विवेदी उपस्थित रहे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चो के समावेशन के लिए कराये जा रहे विभागीय प्रयासों व कार्यशाला का उद्देश्य स्पष्ट किया।समर्थ एप के संदर्भ में सभी नोडल टीचर्स व स्पेशल एजुकेटर को



नियमित रूप से एप पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता व दिव्यांग बच्चो के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।राज्य पुरूस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी द्वारा शारदा एप व समर्थ एप व निपुण भारत पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा स्टीफन हॉकिंग,सुधा चंद्रन,रविन्द्र जैन जैसे महान दिव्यांग हस्तियों के जिक्र करते हुए चर्चा की।इस कार्यक्रम में जिले के के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,समस्त जिला समन्वयक,सभी एस आर जी,सभी एआरपी,समस्त स्पेशल एजुकेटर,विभाग के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ विवेक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## अन्तराज्यीय कुख्यात साइबर अपराधी गिरफ्तार


अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : साइबर क्राइम ब्रांच टीम ने अन्तराज्यीय कुख्यात साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।पुलिस के मुताबिक भुक्तभोगी शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह निवासी म0नं0– 416 सहादतगंज थाना कैन्ट, जनपद अयोध्या द्वारा किया इंडिया




एजेन्सी की डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सर्च किया गया तो सर्च पेज पर मौजूद फर्जी वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत डिटेल भरी गयी।अभियुक्त द्वारा वादी के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर किया इंडिया एजेन्सी की डीलरशिप देने के लिए फर्जी डाक्यूमेन्टस आदि वादी के मेल पर भेजकर रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपाजिट, सैम्पल कार आदि देने के नाम पर दिनांक 29 अगस्त से 03 तीन सितंबर तक कुल तीन किस्तों में 50 लाख 51 हजार रूपये धोखाधड़ी करके अभियुक्तों द्वारा बताये गये गये दो फर्जी खातो में जमा करवा लिया गया। पुलिस ने इस मामले में अभियुक्त सुमन कुमार पुत्र भूषण प्रसाद निवासी ग्राम पलटपुर पोस्ट कटौना थाना कटरीसराय जनपद नालंदा, बिहार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक प्रिन्टर, एक की बोर्ड, एक माउस, एक इन्टरनेट राउटर,दो केबिल, दो लैपटाप, छः मोबाइल फोन,सात ब्रोशर कैटलाग सहित अन्य सामान व नकदी बरामद किया। इस अभियुक्त को गिरफ्तार करने में निरीक्षक कमलापति यादव थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या, 2.उप निरीक्षक अमित शंकर थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# ज्ञान के साथ डर पर काबू पाना : कैंसर का इलाज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ० आदित्य प्रकाश एलहेन्स ने उत्तरप्रदेश प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि WHO GLOBOCAN 2020 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कैंसर के नए मामलों की संख्या–13,24,413 थी, जिसमें लगभग 8,51,678 लोगों ने कैंसर से होने वाली मौतों की सूचना दी थी (मौजूद भारतीय आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल अनुमानित सीओवीआईडी मौत लगभग 5.3 लाख है)। भारत में पिछले 5 वर्षों की अवधि में परचलित मामले लगभग 27,20,251 थे। भारत में शीर्ष 5 कैंसर कुल संख्या का लगभग 45: है 1. स्तन कैंसर 2. मुंह व गले का कैंसर 3. गर्भाशय ग्रीवा कैंसर 4. फेफड़ों का कैंसर 5. बड़ी आंत का कैंसर समय पर निदान होने पर इलाज संभव है और सकृषम मार्गदर्शन से उन्हें रोका जा सकता है। निवारण सर्वाइकल कैंसर जैसे कुछ कैंसर एचपीवी संक्रमण के कारण होते हैं और सुरक्षित यौन परथाओं और नियमित पीएपी स्मीयर आधारित स्क्रीनिंग द्वारा रोका जा सकता है जो त्वरित और लागत प्रभावी है। कुछ अन्य जैसे स्तन कैंसर और पेट के कैंसर में अनुवांशिक प्रवृत्ति हो सकती है और इन आनुवांशिक विकारों का पता आधुनिक आनुवांशिक परीक्षणों से लगाया जा सकता है। ऐसे रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों को निवारक सर्जरी की पेशकश की जा सकती है जो अक्सर जीवन रक्षक होती हैं। कुछ अन्य जैसे फेफड़े के कैंसर और सिर और गर्दन के कैंसर को धूम्रपान और तंबाकू के सेवन को छोड़कर रोका जा सकता है। कैंसर से बचाव के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए किसी ऑंकोलॉजिस्ट से संपर्क करें। उपलब्ध उपचार आधुनिक विज्ञान उपचार प्रदान करता है प्रणालीगत उपचार (केमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, लक्षित थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और अब यहां तक कि कार्ट सेल थेरपी) सहित कैंसर सर्जरी और विकिरण



चिकित्सा, कैंसर के सभी उपलब्ध प्रभावी इलाज और नियंत्रण। किससे परामर्श करें। मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट, सर्जिकल ऑकोलॉजिस्ट या रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट जैसे कैंसर के उपचार से निपटने वाला एक योग्य और अनुभवी डॉक्टर। उपचार वित्त सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में कैंसर की रोकथाम और उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं और उत्तर प्रदेश राज्य में निजी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज । उपचार कई राज्य वित्तपोषित सरकारी अस्पतालों में सब्सिडी / बिना शुल्क मांगा जा सकता है। मेडिकल कॉलेज।कई निजी अस्पतालों में सीएम फंड सीजीएचएस ईएसआईसी पीएमजेएवाई (आयुष्मान भारत योजना) जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं संगठन भी रोगी उपचार में योगदान करते हैं. रोगी अपने ऑकोलॉजिस्ट से उसी के संबंध में सहायता और मार्गदर्शन ले सकते हैं। भ्रांतियों को दूर करना : सच्चाई बायोप्सी कैंसर की आक्रामकता को नहीं बढ़ाती है। समय पर पता चलने पर कैंसर का इलाज 100: इलाज योग्य है। कैंसर गैर–संक्रामक है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। कैंसर को ठीक करने का दावा करने वाले हर्बल उत्पाद अभी भी वैज्ञानिक साहित्य के अनुसार सिद्ध नहीं हुए है।

## 14 नवम्बर 2022 रजत जयन्ती समारोह के आरम्भ में आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरस्वती डेण्टल कालेज का एण्ड हास्पिटल का रजत जयन्ती वर्ष 14 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए चेयरपर्सन श्रीमती मधु माथुर और प्रेसिडेंट डॉक्टर रजत माथुर ने बताया कि नैक ए से मान्यता प्राप्त अयोध्या रोड तिवारी गंज पर स्थित सरस्वती डेण्टल कालेज एण्ड हास्पिटल अपने स्थापना दिवस 14 नवम्बर 2022 को 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर चिकित्सालय द्वारा जनमानस के कल्याणार्थ मुख्यतः दन्त चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सम्पूर्ण प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के उद्देश्य से आरोग्य स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करने हेतु पूर्णतयः तत्पर एवं सजग है। पूर्णतयः निःशुल्क समस्त सुविधाओ से सुसज्जित 14 नवम्बर 2022 को रजत जयन्ती समारोह को प्रारम्भ होने वाले आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विशाल जनसमूह के उपस्थित होने की पूर्ण सम्भावना है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य के अनेकोनेक विशिष्ट गणमान्य अतिथि के साथ ही विभिन्न कौशल कला सम्पन्न होनहार बालक–बालिकाए चिकित्सा सम्बन्धी विशेष योग्यता प्राप्त चिकित्सक तथा समाज के अन्य क्षेत्रो के विशेष गणमान्यजन के उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा को अत्यधिक गौरवान्वित करेगी। पहले से सदा की भाँति स्वच्छता–सुसज्जा मे प्रसिद्ध सरस्वती डेण्टल कालेज एण्ड हास्पिटल अपने रजत जयन्ती समारोह के प्रारम्भ के लिए अब और भी रंग–बिरगें झण्डो साइन बोर्ड व होर्डिंग्स से सुसज्जित है। कालेज के दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय लेफ्टिनेंट कर्नल टी.एस. माथुर का भारतीय सेना के डेण्टल कोर में सदा ही उत्कृष्ट करियर रहा डेण्टल एवं अन्य चिकित्सीय सेवाओ में वे अपने कार्यकाल के दौरान सम्पूर्ण भारत में दन्त चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं की भारी माँग और चुनौतियों का सामना करने के लिए दन्त चिकित्सा से जुड़े चिकित्सक की भारी कमी की प्रतिपूर्ति हेतु सदा जागरूक रे। जिसके दृष्टिगत उन्होने राष्ट्रिय स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकताओं का समर्थन और उसे पूरा करने के लिए सर्वप्रथम सरस्वती मेडिकल एण्ड डेण्टल सोसायटी की स्थापना की तथा नब्बे के दशक में उन्होने विनम्र कदम उठाते हुए वर्ष 1998 में दन्त चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया और धीरे–धीरे डेण्टल कालेज को बी.डी.एस का रूप प्रदान किया तथा सफलतापूर्वक निरन्तर कार्य करते हुए वर्ष 2005 में कालेज को एम. डी. एस. के लिए अनुमोदित किया। अनुमोदन के पश्चात निरन्तर सफलता की शीर्ष को प्राप्त करते हुए नतीजा वर्तमान में यह है कि आज संस्थान में 100 बी.डी.एस. तथा 33 एम. डी. एस. का वार्षिक सेवन है। संस्थान सदा ही प्रतिष्ठित डा० 





राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बध है। उल्लेखनीय है कि दो दशको के अधिक समय में संस्थान अपने उत्कृष्ट सेवाओं से निरन्तर सफलता के शिखर तक पहुँचता चला गया जिसके तहत यह संस्थान सम्पूर्ण भारत में दन्त चिकित्सा संस्थानो में से एक अलग अनूठी पहचान बनाते हुए निरन्तर क्रियाशील है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2012 से 2014 तक इस कालेज एवं हास्पिटल को सम्पूर्ण उत्तर भारत में शीर्ष निजी डेण्टल कालेज के रूप में स्थान दिया गया। सर्वप्रथम पायनियर द्वारा इस कालेज एवं हास्पिटल को 5 स्टार का दर्जा दिया गया। वर्ष 2016 में यह लखनऊ शहर में प्रथम एनएएसी ''ए'' मान्यताप्राप्त दन्त चिकित्सा संस्थान और पूरे प्रदेश में चतुर्थ संस्थान बना । संस्थान को डीएसआईआर, भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन सीरो के रूप में मान्यता प्राप्त हुयी जिसे अर्न्तराष्ट्रिय शिक्षा शिखर सम्मेलन और पुरस्कारो द्वारा शिक्षाविदो और नैदानिक अनुसंधान में उत्कृश्ञ डेण्टल कालेज के रूप में स्थान प्राप्त है।सस्थान को एनआईआरएफ द्वारा वर्ष 2021 में 27वाँ स्थान प्रदान किया गया। संस्थान 2019 से लगातार 2023 में अपने दूसरे चक्र में एनएएसी के लिए तत्पर है। विगत दो दशकों के दौरान कालेजन ने 20 से अधिक प्रतिष्ठित अर्न्तराष्ट्रिय/ राष्ट्रिय संगठनो, संस्थानो फर्मों और गैर सरकारी संगठनों के साथ मजबूत सम्बन्ध समझौता ज्ञापन और गठजोड स्थापित किया। यह उन्नत भारत अभियान में भारत सरकार के साथ साझेदारी कर रहा है और मौखिक स्वास्थ्य देखभाल तथा सहायता प्रदान करने हेतु 22 गाँवो और विद्यालयो का अपनाया है। मजबूत नैतिक और नैतिक मूल्यों, पेशेवरों के साथ उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के बुनियादी ढाँचे तथा अकादमिक उद्योग समुदाय के रचनात्मक जुडाव पर आगे बढ़ते हुए और वर्तमान में संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती मधु माथुर तथा प्रेसिडेंट डा० रजत माथुर के निरन्तर गतिशील दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा संचालित संगठन उच्च गौरव को छूने के लिए तत्पर है। संस्थान ने नवम्बर 2023 तक अपने रजत जयन्ती वर्ष के प्रत्येक माह के लिए उत्सव और रूचिकर गतिविधियों की योजना बनाई है और सभी संकायों के छात्र–छात्राये एवं कर्मचारीजन इस अनूठे अवसर और आगामी कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित है।

## ट्रक की चपेट में आकर शिक्षिका की दर्दनाक मौत



अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शुक्रवार की सुबह स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका की दर्दनाक मौत अयोध्या अकबरपुर राज्यमार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से हो गई।यह हादसा शुक्रवार को सुबह लगभग 8:40 की बताई जा रही है।पूरा बाजार के पूर्व आजमगढ़ की तरफ बच्चूलाल इंटर कालेज के थोड़ा आगे भारत पेट्रोलपंप के पास निर्माणाधीन पुलिया के ऊपर स्कूटी से जा रही शिक्षिका की एक ट्रक चालक की लापरवाही से दुर्घटना हो गई।इस हादसे में मौके पर ही शिक्षिका की मौत हो गई।उक्त शिक्षिका की पुष्टि मोजनपुर टांडा जिला अंबेडकरनगर की रहने वाली थी जो फैजाबाद के देवकाली के पास रहती है और उसकी नियुक्ति विकासखंड मया के दामोदरपुर प्राथमिक विद्यालय में थी।इस संबंध मे थानाध्यक्ष महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर जाकर कानूनी कार्यवाही किया।

# एसएसपी ने परेड के बाद किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण



किया।परेड का निरीक्षण करने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में स्थित परिवहन शाखा, यू0पी0112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर रजिस्टर के रख रखाव का बारीकी से निरीक्षण किया।इस मौके पर उन्होंने वहां पर मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# ''व्यापारी मंगल दिवस'' में कई सालों पुराना भोपाल हाउस किराया प्रकरण का किया गया निपटारा


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लालबाग नगर निगम में पहला व्यापारी मंगल दिवस आयोजित हुआ जिसमें महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ,अपर नगर आयुक्त गण एवं सभी जोनल अधिकारी और टैक्स ऑफिसर मौजूद रहे इस मौके पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी के विभिन्न बाजारों के व्यापारी भी भारी संख्या में अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे प्रथम ''व्यापारी मंगल दिवस'' के आयोजन पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। ''व्यापारी मंगल दिवस'' के अवसर पर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने महापौर से उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद नगर निगम द्वारा पुरानी दर से भोपाल हाउस के किरायेदारों का किराया ना जमा करने का विषय रखा महापौर एवं नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों का किराया तत्काल जमा करने के निर्देश दिए। व्यापारी नेता संजय गुप्ता की मौजूदगी में भोपाल हाउस के व्यापारी संचित गर्ग द्वारा व्यापारी मंगल दिवस में भुगतान का पहला चेक रुपए 26208/– महापौर को



सौंपा। भोपाल हाउस के अन्य व्यापारी भी सोमवार को किराया जमा करेंगे हलवासिया मार्केट के महेश सावलनी ने हलवासिया मार्केट के व्यापारियों के गलत बिल आने की समस्या रखी महा महापौर ने हलवासिया मार्केट के व्यापारियों के बिल सही किए जाने का भी निर्देश दिया तथा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने भूतनाथ मार्केट में पिंक टॉयलेट बनाए जाने का पत्र भी महापौर को दिया। महापौर ने भूतनाथ में पिंक टॉयलेट बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल , जूते वाली गली, अमीनाबाद के पदाधिकारी सुधीर केसरवानी ने हाउस टैक्स बिल में गलत नाम चढ़ने की शिकायत की समस्या का समाधान करते हुए महापौर ने नाम संसोधन हेतु निर्देश दिए व्यापारी मंगल दिवस में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष मसी उज्ज जमा गांधी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, विवेक श्रीवास्तव, हलवासिया मार्केट के अध्यक्ष दीपक रामचंदानी महेश सावलांनी, भोपाल हाउस के संचित गर्ग, सुधीर केसरवानी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न बाजारों के व्यापारी पहुंचे।

## आगरा में दर्दनाक हादसा : पेड़ से टकराई बेकाबू कार : तीन युवकों की मौत

आगरा ब्यूरो : आगरा के थाना फतेहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पलिया गांव के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, आगरा–फतेहाबाद मार्ग पर देर रात करीब पौने 11 बजे लखनऊ से तरफ से आ रही एक कार बेकाबू होकर पलिया गांव के समीप पेट्रोल पंप के सामने पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि पेड़ से टकराने पर उसके परखच्चे उड़ गए। कार में मृत मिले तीनों युवक हादसे की सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। कार में तीन युवक मृत पाए गए। दो युवक घायल अवस्था में मिले हैं। इनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। गंभीर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। हादसे में मरने वाले तीन युवक फिरोजाबाद के जाटवपुरी के रहने वाले थे।



इनकी शिनाख्त इमरान पुत्र अरशद अली, नासिर पुत्र शहाबुद्दीन, जबी पुत्र नहीम के रूप में हुई है। हादसे में वकास और औवेश गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।